संचिका सं०—29 / मुक0—02बी0—01 / 2026— 243

E-MAIL REC

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

के0 डी0 प्रौज्जवल,
सरकार के अपर सचिव

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता,
जल संसाधन विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः— 14/01/26

विषय,:— दिनांक—07.01.2026 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में भू—अर्जन संबंधी वादों की समीक्षात्मक बैठक के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि **भू—अर्जन एवं पुनर्वास निदेशालय तथा सभी विशेष भू—अर्जन कार्यालयों को दिनांक— 01.10.2019 के प्रभाव से बंद किये जाने के प्रसंग मे जल संसाधन विभाग के आदेश ज्ञापांक—1120, दिनांक—18.09.2019 एवं ज्ञापांक—4579, दिनांक—17.12.2019 के माध्यम से विघटन के पूर्व न्यायिक निर्णयों के आधार पर लंबित जयघोष से संबंधित अभिलेख संबंधित विशेष भू—अर्जन पदाधिकारी द्वारा संबंधित जिला भू—अर्जन पदाधिकारी को हस्तगत करा दिये जाने का निदेश तथा न्यायिक निर्णयों के आधार पर लंबित जयघोष की राशि का भुगतान से संबंधित मामलों मे समुचित कार्रवाई अब राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा किया जाना संसूचित है।**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के साथ हुई बैठक में यह बात प्रकाश में आई की कतिपय जयघोष संबंधी न्यायिक मामलों में अभिलेखों के अभाव के कारण समुचित कार्रवाई नहीं हो पाई है। दिनांक—07.01.2026 को एतद् संबंधी समीक्षा के दौरान उक्त मामलो को प्रत्येक सप्ताह SOM की बैठक में रखने का निर्णय लिया गया है। **एतद् संबंधी मामलों, जिनमें जयघोष की राशि भुगतान हेतु किसी भी न्यायिक स्तर से आदेश निर्गत है,** की समीक्षा एवं अनुश्रवण हेतु अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल—2, पटना एवं अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल—3, पटना को नोडल पदाधिकारी नामित करने का निर्णय लिया गया है।

अतः अनुरोध है कि अपने परिक्षेत्राधीन एतद् संबंधी मामलों से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन प्रत्येक सप्ताह अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल—2, पटना एवं अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल—3, पटना को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ताकि संबंधित मामलों को अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल—1, पटना द्वारा प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाली SOM की बैठक में प्रदर्शित किया जा सके ।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

विश्वासभाजन

13/1/26

(के0 डी0 प्रौज्जवल)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः— 29 / मुक०—02 बी0—01 / 2026— पटना, दिनांकः—

प्रतिलिपिः— प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल—1 / अंचल—2 / अंचल—3, पटना / विधि पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / सभी कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/1/26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः— 29/मुक०—02 बी0—01/2026— 243 पटना, दिनांकः— 14/01/26

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, आई० टी० सेंटर/ आई० टी० मैनेजर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/1/26

सरकार के अपर सचिव